राजस्थान सरकार

निदेशालय, कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur- 302015, Rajasthan
Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/ e-mail: innovation.cceraj@gmail.com Ph.: 0141-2706847 (O).

पत्रांक : CCE/ISDC/Gyan Sudha/2020/...76........ दिनांकः 21... सितम्बर 2020

प्राचार्य
समस्त राजकीय महाविद्यालय,
राजस्थान।

विषयः युवाओं में प्रतियोगी क्षमता विकास हेतु विषयपरक ज्ञान, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाने हेतु पथ प्रदर्शन, मोटिवेशन, साक्षात्कार की तैयारी एवं अन्य मार्गदर्शन निदेशालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान की पहल आरम्भ किये जा रहे नये कार्यकम **ज्ञान सुधा** में सहयोग एवं सहभागिता हेतु आमंत्रण बावत।

लेख है कि राज्य के उच्चशिक्षण संस्थानों में लगभग 15 लाख युवा नियमित विद्यार्थी रुप में पंजीकृत हैं। इससे कहीं अधिक संख्या स्वयंपाठी विद्यार्थी रुप में उच्चशिक्षा से जुडी हुई है। इसके अतिरिक्त असंख्या युवा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में प्रविष्ठ हो रहे हैं। अतः युवाओं में प्रतियोगी क्षमता विकास हेतु विषयपरक ज्ञान, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाने हेतु पथ प्रदार्शन, मोटिवेशन, साक्षात्कार की तैयारी एवं अन्य मार्गदर्शन हेतु निदेशालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान पहल करते हुए इस प्रयोजनार्थ एक नया कार्यकम **ज्ञान सुधा** आरम्भ कर रहा है। इस कार्यकम में स्वैच्छिक आधार पर महाविद्यालयों एवं महाविद्यालयी शिक्षकों के सहयोग एवं सहभागिता की अपेक्षा है, इस प्रयोजनार्थ सहयोग एवं सहभागिता की कोई बाध्यता नहीं है।

इस प्रयोजनार्थ ज्ञान सुधा चैनल तैयार किया जायेगा जिस पर उपर्युक्त प्रयोजनार्थ वीडियो कण्टैन्ट तैयार करवाकर अपलोड किये जायेंगे। ये वीडियो कण्टैन्ट Open access हेतु निःशुल्क उपलब्ध होंगे ताकि अधिकाधिक संख्या में अभ्यर्थी इस कार्यकम से लाभान्वित हो सकें।

अतः इस आदेश के कम में राजस्थान राज्य के राजकीय महाविद्यालयों में कार्यरत/सेवानिवृत शिक्षकों एवं राजकीय उच्च शिक्षण संस्थानों में कार्यरत विषय विशेषज्ञों से जो स्वयं के स्तर पर अपने कार्यस्थल स्थान से ही इस कार्यकम के साथ जुडकर इसमें सहयोग देने की इच्छा रखते हैं, से आवेदन आमंत्रित हैं। आवेदन सादे कागज पर अथवा ई–मेल के जरिये प्रेषित कर सकते हैं। इस प्रयोजनार्थ समस्त संवाद ई–मेल **gyansudha.cceraj@gmail.com** पर ही किये जाने हैं।

इस संबंध में सहयोग/सहभागिता की निम्न अपेक्षाएं हैं –

1. महाविद्यालयों से अपेक्षा हैं कि वे अपने स्तर पर उपलब्ध Best Resource Persons को आमंत्रित करके उनका सैशन वीडियो रिकॉर्ड करवाना है, जिसे इस **ज्ञान–सुधा चैनल** पर अपलोड किया जायेगा। इस वीडियो रिकॉर्डिंग हेतु समस्त व्यवस्थाएं संबंधित महाविद्यालय को ही करनी होगी। Resource Persons में स्थानीय अथवा आसपास क्षेत्र में पदस्थापित भारतीय/राज्य सेवा के समस्त अधिकारी, राजकीय/अर्द्धशासकीय उच्चशिक्षण अथवा अन्य संस्थानों में सेवारत/सेवानिवृत व्यक्तियों को आमंत्रित

किया जा सकता है। इस प्रयोजनार्थ ऐसे व्यक्तियों को भी आमंत्रित किया जा सकता है जो प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाने हेतु अपनी विशिष्ट पहचान/नाम रखते हैं।

इच्छुक महाविद्यालय अपना प्रस्ताव मय योजना के प्रेषित कर सकते हैं। महाविद्यालयों से इस संबंध में विचार विमर्श एवं निर्देशन हेतु एक ऑनलाइन सत्र आयोजित किया जायेगा, जिसकी पूर्व सूचना प्रेषित कर दी जायेगी।

2. राजकीय/अर्द्धशासकीय उच्चशिक्षण अथवा अन्य संस्थानों में सेवारत/सेवानिवृत व्यक्ति इस योजना से जुड सकते हैं। व्यक्तिगत स्तर पर Resource Person के रुप में निःशुल्क सेवा हेतु अपना वीडियो तैयार करना अथवा विभाग/निकटतम राजकीय महाविद्यालय द्वारा वीडियो रिकार्ड करवाने हेतु उपलब्ध होना सम्मिलित है। ऐसे इच्छुक व्यक्ति अपना आवेदन/प्रस्ताव निदेशक कॉलेज शिक्षा राजस्थान को संबांधित करते हुए ई–मेल **gyansudha.cceraj@gmail.com** पर प्रेषित करें।

3. राजकीय महाविद्यालयों में कार्यरत संकाय सदस्य, जो कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाने की प्रक्रिया से जुडे हुए हैं, अथवा जो प्रतियोगी परीक्षाओ हेतु मार्गदर्शन करने की दक्षता रखते हैं, स्वैच्छिक रुप से अपना आवेदन सीधे ही उपर्युक्त ई–मेल **gyansudha.cceraj@gmail.com** पर प्रेषित कर सकते हैं।

4. इसके अतिरिक्त जो संस्थाऐ, जो कि स्वयं कोचिंग संस्थान नहीं हों अथवा कोचिंग संचालित नही करती हों, इस परियोजना में वीडियो रिकॉर्ड करने, तकनीकी सहायता, वित्तीय सहयोगए संसाधन उपलब्ध करवाने अथवा अन्य किसी प्रकार की सहायाता करने की इच्छुक हों, सम्पर्क कर सकते हैं।

आवेदकों से इस संबंध में विचार विमर्श एवं निर्देशन हेतु एक ऑनलाइन सत्र आयोजित किया जायेगा, जिसकी पूर्व सूचना प्रेषित कर दी जायेगी।

इस संबंध में अन्य किसी सहायता अथवा मार्गदर्शन हेतु निदेशालय कार्यलेज शिक्षा, जयपुर में नवाचार एवं कौशल विकास प्रभारी अधिकारी डा. विनोद कुमार भारद्वाज से उनके मोबाइल नम्बर 9414304650 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

सन्देश नायक, IAS
निदेशक, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान

पत्रांक: CCE/ISDC/FDP/2020/77-78;　　दिनांक: 21 सितम्बर 2020

प्रतिलिपि सूचनार्थ :

1. विशिष्ट सहायक, माननीय मंत्री, उच्च शिक्षा, राजस्थान सरकार।
2. निजी सचिव, शासन सचिव, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा, राजस्थान सरकार, जयपुर।
3. निजी सचिव, निदेशक, कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
4. निजी सहायक, अतिरिक्त आयुक्त, कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
5. समस्त संयुक्त निदेशक, निकाशि, जयपुर।
6. वैबसाइट प्रभारी को ई–मेल करने हेतु।
7. रक्षित पत्रावली।

21/9/2020
डा. विनोद कुमार भारद्वाज
प्रभारी अधिकारी, नवाचार एवं कौशल विकास प्रकोष्ठ